# नकिोटीन की लत का उपचार

## प्रलिम्सि के लयि:

[नकिोटीन](), **नकिोटीन रप्लिेसमेंट थेरेपी, राष्ट्रीय तंबाकू नयिंत्रण कार्यक्रम**

## मेन्स के लयि:

नकिोटीन की लत और सार्वजनकि स्वास्थ्य पर बोझ, सरकारी नीतयिाँ एवं हस्तक्षेप

**स्रोत: [द हदिू]()**

## चर्चा में क्यों?

[नकिोटीन]() की लत के उपचार को फरि से परभिाषति करने के लयि हाल ही में कयि गए एक अध्ययन में, शोधकर्त्ताओं ने **वटिामनि सी** और **कोटनिीन**, नकिोटीन मेटाबोलाइट का लाभ उठाने वाली एक सफल वधि, का अनावरण कयिा है।

- यह दृष्टकिोण पारंपरकि नकिोटीन रप्लिेसमेंट थेरेपी **(NRT)** से अलग है।

**नोट:**

- **नकिोटीन** एक पौधा एल्कलॉइड है जसिमें नाइट्रोजन होता है, जो तंबाकू के पौधे सहति कई प्रकार के पौधों में पाया जाता है और इसे कृत्रमि रूप से भी उत्पादति कयिा जा सकता है।
- नकिोटीन शामक और उत्तेजक दोनों गुणों वाला होता है। यह तंबाकू उत्पादों में मुख्य मनो-सक्रयि घटक है।
- तंबाकू धूम्रपान के बाद कोटनिीन नकिोटीन के एक प्रमुख मेटाबोलाइट के रूप में बनता है।

## अध्ययन से संबंधति मुख्य बातें क्या हैं?

- **कोटनिीन का प्रयोग:**
  - वर्तमान NRT पैच अथवा लोज़ेंज (औषधीय गोलयिाँ) के माध्यम से शरीर को **अतरिक्ति नकिोटीन** प्रदान करने पर नरि्भर करता है।
    - व्यक्तयिों के लयि धूम्रपान छोड़ना चुनौतीपूर्ण होता है, जो **तलब, चड़िचड़िापन, चति, भूख में वृद्धि और ध्यान केंद्रति करने में कठनिाई** के रूप में प्रकट होता है।
  - शोधकर्त्ता एक वैकल्पकि दृष्टकिोण के रूप में **कोटनिीन (नकिोटीन के ऑक्सीडेटवि मेटाबोलाइट)** का पता लगाते हैं।
    - मनुष्यों में आम तौर पर **80% नकिोटीन शरीर में कोटनिीन के रूप में जमा** होता है, जबकि **शेष 20% मूत्र के माध्यम से शरीर के बाहर हो जाता है**। कोटनिीन कैंसर का कारण बन सकता है।
    - शोधकर्त्ताओं ने कोटनिनि को वापस नकिोटीन में परविर्तति करने के लयि एक अवकारक/अपचायक अभकिर्मक के रूप में **एस्कॉर्बकि एसडि (वटिामनि C)** का उपयोग कयिा, जो **नकिोटीन उत्प्रेरण** रोकने के लयि **रक्त में पुन: प्रसारति** होता है।
    - शोधकर्त्ताओं ने धूम्रपान करने वालों के लयि वटिामनि C के साथ एक **घुलनशील झल्लिी** नरि्मति की, जसिका उपयोग धूम्रपान करने की इच्छा होने पर कयिा जा सके।
    - नरि्दषि्ट खुराक में एस्कॉर्बकि एसडि **धूम्रपान करने वालों के प्लाज़्मा (रक्त का तरल भाग)** के भीतर कोटनिनि को नकिोटीन में परणित करने की सुवधिा प्रदान करता है।
- **परणिाम:**
  - वटिामनि C बनिा कसिी **दुष्प्रभाव** के कोटनिीन को नकिोटीन में बदलने में मदद करता है। अतरिक्ति नकिोटीन की आवश्यकता के बनिा अंत में शरीर वषिाक्त पदार्थों से छुटकारा पा लेता है।

- **भविष्य के विचार और अध्ययन संबंधी आवश्यकताएँ:**
    - जैसा कि अध्ययन से संकेत मिलता है, परिवर्तित निकोटीन को [केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (CNS)](#) प्रभावों को उत्प्रेरित करने के लिये पुन: प्रसारित किया जा सकता है, जो संभावित रूप से निकोटीन विथड्रॉल के उपचार में सहायता करता है।
    - शोध दल अपने निष्कर्षों को मान्य करने के लिये बड़े नमूनों के साथ **आगामी अध्ययन की आवश्यकता** को स्वीकार करता है।

## निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी (NRT):

- यह व्यक्तियों को धूम्रपान रोकने में सहायता करने वाला एक उपचार है। यह ऐसे उत्पादों का उपयोग करता है जिनके सेवन से कम**निकोटीन ग्रहण किया जाता** है।
    - इन उत्पादों में **धुएँ में पाए जाने वाले अन्य विषाक्त** पदार्थ नहीं होते हैं। **निकोटीन की तलब को कम करना और वापसी** के लक्षणों को कम करना थेरेपी का मुख्य उद्देश्य है।
- NRT उत्पाद कई रूपों में आते हैं, जिनमें गम, ट्रांसडर्मल पैच, नेज़ल स्प्रे, ओरल इन्हेलर और टैबलेट शामिल हैं।

## भारत में तंबाकू उपभोग की स्थिति क्या है?

- **ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे इंडिया, 2016-17** के अनुसार, **भारत में लगभग 267 मिलियन वयस्क (15 वर्ष और उससे अधिक) (सभी वयस्कों का 29%) तंबाकू का सेवन करते हैं।**
    - भारत में तंबाकू के उपयोग का सबसे प्रचलित रूप**धुआँ रहित तंबाकू** है और इसके तहत आमतौर पर इस्तेमाल किये जाने वाले उत्पाद**खैनी, गुटखा और पानमसाला** हैं।
    - धूम्रपान के रूप में बीड़ी, सिगरेट और हुक्का का उपयोग किया जाता है।
    - तंबाकू कैंसर, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग और स्ट्रोक सहित कई बीमारियों के जोखिम का प्रमुख कारक है।
    - यह भारत में मृत्यु व बीमारी के प्रमुख कारणों में से एक है और **इससे हर वर्ष लगभग 1.35 मिलियन लोगों की मौत होती है।**
    - भारत तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक भी है। देश में कई तरह के तंबाकू उत्पाद बेहद कम कीमत पर उपलब्ध हैं।
    - वर्ष 2017-18 में भारत में 35 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को होने वाली सभी बीमारियों में तंबाकू के उपयोग के कारण होने वाली बीमारियों की कुल **आर्थिक लागत 27.5 बिलियन** अमेरिकी डॉलर थी।

## तंबाकू उपभोग से संबंधित सरकारी पहल:

- **सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय तथा वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003:**
    - उपरोक्त अधिनियम, अनुसूची में उल्लिखित सभी तंबाकू युक्त उत्पादों पर लागू होता है। भारत में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाता है तथा व्यापार, वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति एवं वितरण को नियंत्रित करता है।
- **राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (NTCP):**
    - इसे 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वर्ष 2007-08 में शुरू किया गया था, ताकि तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता दी जा सके, तंबाकू उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति को कम किया जा सके, COTPA 2003 के तहत शामिल प्रावधानों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके तथा इससे प्रभावित लोगों की सहायता की जा सके।
- **राष्ट्रीय तंबाकू क्विटलाइन सेवाएँ (NTQLS):**
    - NTQLS का उद्देश्य तंबाकू छोड़ने के लिये टेलीफोन आधारित जानकारी, सलाह, समर्थन और रेफरल प्रदान करना है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न1. निम्नलिखित में से कौन-से कारण/कारक बेंज़ीन प्रदूषण उत्पन्न करते हैं? (2020)**

1. स्वचालित वाहन (Automobile) द्वारा निष्कासित पदार्थ
2. तंबाकू का धुआँ
3. लकड़ी का जलना
4. रोगन किये गए लकड़ी के फर्नीचर का उपयोग
5. पॉलियूरिथेन से निर्मित उत्पादों का उपयोग

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–**

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर: A**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nicotine-addiction-treatment